## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- संसद का शीतकालीन सत्र इस महीने की पच्चीस तारीख से शुरू होगा।
- द्वीपसमूह में पर्यटन क्षेत्र में सेवा प्रदाताओं के कौशल उन्नयन के लिए 'पर्यटन मित्र' की शुरुआत की गई है।
- परिवहन विभाग द्वारा 'ए एन 01–वी' सीरीज में पंजीकरण चिह्न अब आरक्षण के लिए उपलब्ध करा दिए गए हैं।
- स्वास्थ्य सेवा निदेशक ने कल राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल के सामने एड्स नियंत्रण सोसाइटी की मोबाइल परामर्श एवं परीक्षण केंद्र वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

<><><><><><><>

संसद का शीतकालीन सत्र पच्चीस नवंबर से बीस दिसंबर तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि संविधान को अपनाने की पचहत्तरवीं वर्षगांठ छब्बीस नवम्बर को संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में मनाई जाएगी।

<><><><><><><>

पर्यटन मंत्रालय ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पर्यटन विभाग के सहयोग से पर्यटन क्षेत्र में सेवा प्रदाताओं के कौशल उन्नयन के लिए 'पर्यटन मित्र' की शुरुआत की है, ताकि पर्यटकों को बेहतर सेवा प्रदान की जा सके। 'पर्यटन मित्र' के दूसरे चरण के उद्घाटन अवसर पर स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने सेवा प्रदाताओं के बीच कौशल उन्नयन के दूसरे चरण के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पर्यटन हितधारकों से मानसून के मौसम में भी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। सहायक आयुक्त ने पर्यटन हितधारकों से पर्यटकों को पक्षी दर्शन, तारामंडल देखने, प्रकृति की सैर आदि के लिए भी प्रोत्साहित करने को कहा, ताकि द्वीपसमूह में आने वाले पर्यटकों को कुछ नया अनुभव मिल सके। मुख्य अतिथि ने इन द्वीपों के युवाओं को विदेशी भाषाएं सीखने पर बल दिया। इस अवसर पर जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के पर्यटन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अब्दुल सलाम ने अपने संबोधन में दूसरे चरण के कौशल उन्नयन कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए सरकार की पहल की सराहना की। सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की प्रबंधक राबिया बीबी ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय की ओर से दूसरे चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भारत के पचास गंतव्यों में से एक बार फिर द्वीपसमूह का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रशिक्षण में हेरिटेज वॉक, होम स्टे एक्सपीरियंस, फूड कोर्ट, हस्तशिल्प और शिल्पकार जैसे क्षेत्रों को शामिल किए जाने की उम्मीद है।

<><><><><><><>

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से उद्योग निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आज सुबह दस बजे सभी हितधारकों के साथ एक जिला एक उत्पाद विषय पर परामर्श बैठक का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य संबंधित आपूर्ति श्रृंखलाओं में सभी बिन्दुओं पर चुने गए प्रत्येक उत्पाद से जुड़ी समस्याओं की पहचान करना, समझना और उनका समाधान करना, चुने गए उत्पादों की बाजार, पहुंच में सुधार करना और प्रत्येक जिले को चुने गए उत्पाद के लिए एक प्रमुख निर्यात केन्द्र बनाने की दिशा में अपने उत्पादों की निर्यात क्षमता का दोहन करने के लिए उत्पादों को हर संभव सहायता प्रदान करना शामिल हैं।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग द्वारा 'ए एन 01–वी' सीरीज में पंजीकरण चिह्न अब आरक्षण के लिए उपलब्ध करा दिए गए हैं। जो वाहन मालिक अपनी पसंद का पंजीकरण चिह्न चाहते हैं, वे ग्यारह नवम्बर से ऑनलाइन आवेदन जमा कर टी–सीरीज, यू–सीरीज और वी–सीरीज सीरीज में मोटर वाहनों के लिए पंजीकरण चिह्नों के आरक्षण की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, जो वाहन मालिक पिछली सीरीज में अपनी पसंद का पंजीकरण चिह्न बुक करना चाहते हैं, वे लागू भुगतान पर छूटे हुए पंजीकरण चिह्नों के लिए भी इसका लाभ उठा सकते हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी ने कल राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल के सामने अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की मोबाइल परामर्श एवं परीक्षण केंद्र वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बोलते हुए स्वास्थ्य सेवा निदेशक ने कहा कि मोबाइल आई ई सी वैन का उद्देश्य एचआईवी, एसटीआई और एड्स पर जागरूक करना और ऑडियो संदेश के माध्यम से व्यक्तियों और समुदाय में सकारात्मक व्यवहार और बदलाव को बढ़ावा देना है। यह द्वीपसमूह में एचआईवी और एसटीआई की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार के लिए उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी देगा। मोबाइल आईसीटीसी वैन एचआईवी के लिए परामर्श और जांच सेवाएं प्रदान करेगी। जो लोग जांच कराने के लिए अस्पताल आने में अनिच्छुक हैं, वे अपने दरवाजे पर परामर्श और जांच सेवाएं प्राप्त करने के इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। एड्स नियंत्रण सोसाइटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रत साहा ने कहा कि आज तक कोई ऐसा उपचार या टीका नहीं है जो एचआईवी को पूरी तरह से ठीक कर सके, इसलिए आईईसी कार्यक्रम रोकथाम के लिए आधार स्तंभ हैं। मोबाइल आईसीटीसी वैन परामर्श और जांच सेवाएं प्रदान करेगी और लोग अपनी स्थिति जानने के लिए इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

आईईसी वैन तेरह दिनों के लिए मध्योत्तर अंडमान और सत्ताइस दिनों के लिए दक्षिण अंडमान के क्षेत्रों को कवर करेगी। शहीद द्वीप, स्वराज द्वीप और हट बे को भी दक्षिण अंडमान जिले में कवर किया जाएगा। जागरूकता के लिए निकोबार जिले में भी आईईसी वैन किराए पर ली जाएगी। आईईसी वैन के साथ, चयनित मंडलियों द्वारा रणनीतिक स्थानों पर लोक प्रदर्शन किए जाएंगे, जो विशेष रूप से ग्रामीण आबादी के लिए जागरूकता पैदा करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। कार्यक्रम का संचालन एड्स नियंत्रण सोसाइटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रत साहा के मार्गदर्शन में किया गया।

<><><><><><><>

देश के अन्य भागों के साथ द्वीपसमूह में भी छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी छठ पूजा समिति की ओर से भगवान सूर्य देव की आराधना का पर्व कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी किया जाएगा। पूजा समिति की ओर से कल शाम चार बजकर अड़तालीस मिनट पर कार्वाइंस कोव तट पर डूबते हुए सूर्य को और आठ नवम्बर को सुबह पांच बजकर सोलह मिनट पर उगते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। इस अवसर पर पूजा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। पूजा समिति की ओर से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाले लोगों की सुविधा के लिए राज्य परिवहन विभाग की ओर से विशेष बस सेवा का भी बंदोबस्त किया गया है। कामराज नगर से कल शाम तीन बजे, डॉलीगंज, शिव कॉलोनी, आटम पहाड़ से शाम तीन से साढ़े तीन बजे, बस अड्डा से कार्वाइंस कोव तट तक के लिए शाम चार बजे से और बस अड्डा एवं चाथम से कार्वाइंस कोव तट के लिए शाम चार बजे बस सेवा उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज और एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कांचीपुरम की ओर से रोज़गार मेला का आयोजन किया जाएगा। आई टी आई डॉलीगंज में आज और कल प्रशिक्षण सह प्लेसमेंट अभियान आयोजित की जाएगी। आई टी आई प्रमाणपत्र धारक उम्मीदवार और दसवीं या बारहवीं पास पुरूष उम्मीदवार इसके लिए पात्र होंगे। उम्मीदवार की आयु अट्ठारह से चौंतीस वर्ष होनी चाहिए। यह निशुल्क प्रशिक्षण कांचीपुरम के प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित की जाएगी। विभिन्न ट्रेडों में निर्धारित समय अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उम्मीदवारों को सुबह साढ़े नौ बजे तक संस्थान में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–मधुमेह रोग, कारण, लक्षण और उपचार। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. दिवेश पांडे श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

**<><><><><><><>**